Construction of Hydro Electric Power Project at Salal

1215. SHRI P. RAJAGOPAL NAIDU: Will the Minister of ENERGY be pleased to state:

(a) whether dispute regarding the construction of Hydro Electric Power Project on the river Chenab at Salal between Pakistan and our country has been resolved;

(b) if so, the terms; and

(c) if not the reasons therefor?

THE MINISTER OF ENERGY (SHRI P. RAMACHANDRAN): (a) to (c). The matter is under bilateral discussion between India and Pakistan.

हरिजनों के लिए मकान

1216. श्री रामजी लाल सुमन : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में हरिजनों की आवास की स्थिति में सुधार करने के लिए उनके लिए नये मकान बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; और

(ख) यदि हां, तो इस प्रयोजन के लिए कितनी धनराशि की व्यवस्था करने का प्रस्ताव है ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री धनिक लाल मण्डल) :(क) और ख). हरिजनों की आवास की स्थिति में सुधार करने के लिए निम्नलिखित योजनाएं पहले से चल रही है। वर्ष 1977-78 में इस प्रयोजन के लिए प्रदान की जाने वाली प्रस्तावित धनराशि भी नीचे दिखाई जा रही है :—

i. पिछड़े वर्ग क्षेत्र के कल्याण के अन्तर्गत आवास कार्यक्रम हरिजनों सहित पिछडे वर्गों के लिए आवास निर्माण के वास्ते सहायता अनुदान ऋण प्रदान करते हैं। उपरोक्त कार्यक्रम के अधीन राज्य सरकारों द्वारा वर्ष 1977-78 के लिए प्रस्तावित परिव्यय की राशि 598.95 लाख रुपये है।

ii. न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम के अधीन योजनाएं तथा निर्माण और आवास मंत्रालय द्वारा प्रयोजित राज्य क्षेत्र कार्यक्रम में अन्य सामाजिक आवास योजनाएं अन्य के साथ-साथ हरिजनों को भी लाभ पहुंचाती हैं। इन योजनाओं के लिए वर्ष 1977-78 के वास्ते अनुमोदित परिव्यय 128.33 करोड़ रुपये है।

पाकिस्तानी जासूसों का पकड़ा जाना

1217. श्री विजय कुमार मलहोत्रा : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले एक वर्ष में कितने पाकिस्तानी जासूस पकड़े गये हैं; और

(ख) विदेशी जासूसों के साथ निपटने के लिए भारत सरकार क्या कार्यवाही कर रही है ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री धनिक लाल मण्डल): (क) जब कि जम्मू व कश्मीर, राजस्थान तथा प० बंगाल राज्यों तथा मिजोरम संघ शासित क्षेत्र से सूचना आनी बाकी है, बाकी राज्यों तथा संघ शासित क्षेत्रों से प्राप्त सामग्री से प्रकट होता है कि 1-11-76 से 31-10-77 के वर्ष के दौरान 13 पाकिस्तानी जासूस पकड़े गयें थे ;

(ख) केन्द्र तथा राज्यों में सुरक्षा एजेन्सियां लगातार सतर्कता रखती हैं तथा जासूसी की गतिविधियों को रोकने की उपयुक्त कार्यवाहियां की जाती हैं। विदेशी जासूसों पर सरकारी गुप्त अधिनियम के उपबन्धों के अधीन मुकदमे चलाये जाते हैं